चौथा संसार

गुरुवार 05 मार्च 2015

सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्राइम सायबर अपराध

इंदौर। सायबर जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला एक्रोपॉलिस टेक्निकल केंपस, रालामंडल में आयोजित की गई। जिसमें 255 छात्र-छात्राऐं एवं .17 फेकल्टीज ने भाग लिया व सायबर सुरक्षा के मूलमंत्रों से परिचित हुए।

कार्यशाला में रेडियों ट्रेनिंग पुलिस के वरूण कपूर ने सभी छात्रों को सायबर अपराध के विश्व भर में प्रभाव, उसको रोकने के सबसे अच्छे उपाय, काल्पनिक दुनिया में गतिविधि संचालित करने के सुरक्षित उपाय बतांये व अन्य छोटी-छोटी टिप्स प्रदान भी दिए कि वे आधुनिक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल सुरक्षित ढंग से करते हुए उसका उपयोग अपने लाभ के लिये कर सकें न कि दूसरों को नुक्सान पहुंचाने में। आज पूरे विश्व में मोबाईल, इंटरनेट का सर्वाधिक उपयोग हो रहा है, सोशल साईट्स, बीमा, बैंक, हवाई, बस, होटल एवं रेल्वे टिकिट, शासकीय एवं प्रशासकीय कार्य, सभी तरह के बिलिंग के कार्य में इंटरनेट का उपयोग आम बात है, वहीं सबसे तेजी से बढ़ने वाला अपराध भी, सायबर अपराध है नागरिकों को नित नए-नए सायबर अपराधों का सामना करना पड़ रहा है जिसकी जानकारी समाचार-पत्रों में प्रतिदिन प्रकाशित हो रही है। इसको नियंत्रित करने व इसके दुष्प्रभावों से बचने का सबसे सशक्त माध्यम है, युवाओं, छात्रों व आम नागरिकों की जागरूकता। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने छात्रों को श्री कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया।